DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

उच्च शिक्षा में विकास के लिए मिले ₹ 120 करोड़

देहरादून, विशेष संवाददाता। कुमाऊं विवि और दून विवि में शैक्षिक सुधार और संसाधन विकास के लिए केंद्र सरकार ने 1.20 अरब रुपये मंजूर किए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसकी पुष्टि की। यह राशि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-ऊषा) के तहत मिली है।

केंद्र सरकार की मेरू योजना, उच्च शिक्षा सेक्टर का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। केंद्र इसके जरिए विश्वविद्यालयों को बहुआयामी रूप देना चाहता है। इस क्रम में केंद्र से मिले बजट से कुमाऊं विवि को बहु-विषयक शिक्षा एवं शोध विवि (एमईआरयू) के रूप में विकसित किया जाएगा। दून विवि को केंद्रीय विवि सशक्तीकरण ग्रांट के तहत 20 करोड़ रुपये मिले हैं। उधर, केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कुमाऊं विवि को अनुदान के लिए चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सीएम पुष्कर धामी का आभार जताया।

पांच डायट बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

राज्य के पांच जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र (डायट), सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित होंगे। इसके लिए 40 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इससे देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल और यूएसनगर डायट को सभी जरूरी संसाधनों से लैस किया जाएगा। शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने बताया कि प्रथम चरण में पांच डायट चुने गए हैं, शेष दूसरे चरण में शामिल होंगे।

News paper – Hindustan
Date – 19.02.2024